<u>भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक : 11/11/2025 को एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन</u>

भारत सरकार की राजभाषा नीति के कार्यान्वयन एवं हिंदी के प्रचार – प्रसार व प्रगति के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए भारतीय खान ब्यूरो, मुख्यालय, नागपुर में दिनांक : 11 नवंबर, 2025 को अधिकारियों एवं कर्मचारियों हेतु एक दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया । इस हिंदी कार्यशाला में कुल 22 अधिकारी एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया ।

सर्वप्रथम श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक ने हिंदी कार्यशाला की प्रस्तावना रखते हुए प्रतिभागियों को कार्यशाला के समस्त सत्रों की संक्षिप्त जानकारियां दीं । साथ ही श्री आर. मजुमदार, अधीक्षण खनन भूविज्ञानी एवं निदेशक (प्रशिक्षण) ने हिंदी कार्यशाला से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी ।

श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक प्रतिभागियों को संक्षिप्त जानकारियां देते हुए।

हिंदी कार्यशाला में महाप्रबंधक (डाक लेखा व वित्त) का कार्यालय, नागपुर के श्री तेजवीर सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने "टिप्पणी मसौदा लेखण" तथा भारतीय खान ब्यूरो मुख्यालय, नागपुर के श्री सतीश कुमार चौरे, भंडार अधिकारी ने "भंडार प्रक्रिया संबंधी नियम" एवं श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी द्वारा "कार्यालयीन एवं तकनीकी शब्दावली" पर व्याख्यान दिए गए ।

सर्वप्रथम श्री तेजवीर सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने बताया कि फाइलों में टिप्पणी, मसौदा पत्राचार किस तरह से लिखें उसके बारे में उन्होंने इसकी विस्तृत जानकारियां दीं तथा पत्र, परिपत्र, अनौपचारिक पत्र किस तरह से बनाएं उसके बारे में भी उन्होंने बताया ।

श्री तेजवीर सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ''टिप्पणी मसौदा लेखण'' पर व्याख्यान देते हुए।

अपने व्याख्यान में श्री सतीश चौरे, भंडार अधिकारी द्वारा ''भंडार प्रक्रिया संबंधी नियम'' विषय पर व्यापक रूप से अपने विचार रखें तथा प्रतिभागियों की इसकी विस्तृत जानकारी दी।

श्री सतीश चौरे, भंडार अधिकारी द्वारा ''भंडार प्रक्रिया संबंधी नियम'' पर व्याख्यान देते हुए।

श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने भाषा, लिपि, वर्तनी, अक्षर एवं वर्ण के बारे में जानकारी देते हुए तकनीकी शब्दावली आयोग के बारे में विस्तार से बताया साथ ही हिन्दी शब्दावली का निर्माण कैसे हुआ इसकी जानकारी देते हुए हिंदी वर्तनी में होने वाली छोटी – छोटी त्रुटियों की विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने प्रतिभागियों से वर्तनी एवं शब्दावली का अभ्यास कराया।

श्री असीम कुमार, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी कार्यालयीन एवं तकनीकी शब्दावली पर व्याख्यान देते हुए।

कार्यशाला में सभी प्रतिभागियों ने अपनी विशेष रूचि दिखाते हुए व्याख्याताओं से अपनी समस्याओं का निवारण किया साथ ही ऐसी कार्यशाला समय – समय पर नियमित रूप से आयोजित किए जाने की इच्छा व्यक्त की ।

कार्यशाला के पश्चात् सभी प्रतिभागियों से कार्यशाला के विषय में उनकी प्रतिक्रियाएं भी प्राप्त की गई । सभी प्रतिभागियों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएं व्यक्त की साथ ही यह भी कहा कि कार्यशाला में व्याख्याताओं के साथ विचार – विमर्श आवश्यक है तथा प्रतिभागियों ने सुझाव दिया कि इस प्रकार की हिंदी कार्यशाला समय – समय पर होनी चाहिए तथा तकनीकी विषयों पर भी कार्यशाला आयोजित करने के सुझाव दिए । साथ ही यह भी कहा कि ऐसी कार्यशालाओं से सरकारी कामकाज में काफी मदद मिलती है तथा इस कार्यशाला को पूरी तरह से परिपूर्ण बताया ।

अंत में श्री अभिनय कुमार शर्मा, संपादक द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई ।